**आकाशवाणी शिमला**

**17.07.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**राष्ट्रपति स्वच्छ सर्वेक्षण**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि स्वच्छता देश की सांस्कृतिक चेतना का आधार है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान करते हुए यह बात कही। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण एक सफल पहल साबित हुई है।

मध्यप्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार आठवें वर्ष भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। स्वच्छ शहर के मामले में गुजरात के सूरत ने दूसरा और महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस समारोह में विभिन्न श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार दिए गए। इस वर्ष पाँच विभिन्न जनसंख्या श्रेणियों में सुपर स्वच्छ लीग शहर और शीर्ष तीन सबसे स्वच्छ शहरों सहित चार श्रेणियों में ये पुरस्कार दिए गए।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कड़छम वांगतु पन बिजली परियोजना में रॉयल्टी को लेकर हिमाचल के हक में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सरकार को अब इस प्रोजेक्ट से 12 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत रॉयल्टी मिलेगी जिससे सालाना दो सौ 50 करोड़ रूपए की आय होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और अन्य नेताओं से मुलाकात कर आपदा प्रभावित हिमाचल के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की है।

हमारी जो कैबिनेट की बैठक होगी, उसमें आपदा राहत पैकेज दिया जाएगा, यह तो होगा हमारा हमारे जो संसाधन है व्यक्तिगत तौर से, लेकिन एक चीज और है कि जो स्पेशल रिलीफ फंड सरकार को डेवलपमेंट मिलना चाहिए, वो नियम और कानूनों के कायदे से थोड़ा सा हटकर ऐसी स्थिति में स्पेशल रिलीफ पैकेज होना चाहिए, जिसमें सरकार को अपने द्वारा खर्च करने की अनुमति हो, क्योंकि यहां की परिस्थितियों के हिसाब से खर्च करना है।

मुख्यमंत्री ने वन भूमि से अवैध कब्जे हटाने के नाम पर फलदार पौधों को काटने का विरोध किया और कहा कि सरकार इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने पर विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल कांग्रेस संगठन में कोई फेरबदल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आपदा प्रभावितों और अवैध कब्जे हटाने की मुहिम से प्रभावित सेब बागवानों को राहत देने का है।

**अंतिम संस्कार**

डोगरा रेजिमेंट में तैनात नायक पुष्पेंद्र नेगी का आज किन्नौर जिला में उनके पैतृक गांव थैमगारंग में पूरे राजकीय व सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। 29 वर्षीय पुष्पेंद्र नेगी असम में डयूटी के दौरान एक हादसे में शहीद हो गए थे। अंतिम संस्कार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद कंगना रणौत, अनुराग सिंह ठाकुर, सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज, डॉक्टर सिंकदर कुमार और हर्ष महाजन की ओर से शहीद पुष्पेंद्र नेगी की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संत्पत परिवार को सांत्वना दी।

**शिविर**

भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक आशीष शर्मा ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान ऊना जिला की चार पंचायतों में आयोजित रि–केवाईसी और वित्तीय समावेशन शिविरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वित्तीय योजनाओं के अधिकतम लाभ को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आशीष शर्मा ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत शून्य बैलेंस खाते खुलवाने पर भी जोर दिया और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभों के बारे में भी बताया।

---

---